बदलाव लाने के लिए अलग,
बोझ के साथ प्रार्थना करें – भाग 9
डॉ॰ डेविड प्लॉट

यदि आपके पास बाइबल है, और मैं आशा करता हूँ कि आपके पास है, तो मैं आपको प्रेरितों के काम की पुस्तक को खोलने का निमन्त्रण देता हूँ। मैं आपको प्रेरितों के काम की पुस्तक खोलने के लिए उत्साहित करता हूँ और यदि आप जानते हैं तो मेरे साथ बोलें। प्रेरितों के काम 2:42 कहता है, "वे प्रेरितों से शिक्षा पाने और संगति करने, रोटी तोड़ने और प्रार्थना करने में लौलीन रहे।"

पिछले कुछ महीनों से हम आरम्भिक कलीसिया की इस तस्वीर को देखते आ रहे हैं और उन्हें किस बात ने अलग किया, परमेश्वर के वचन और उसकी केन्द्रीयता के प्रति उनकी भक्ति, त्यागपूर्वक एक–दूसरे को संभालने की उनकी भक्ति, संगति प्रति उनकी चाहत। उन्होंने अपनी आराधना के केन्द्र के रूप में अपने आप को रोटी तोड़ने, प्रभु भोज में लौलीन किया। और उन्होंने अपने आप को प्रार्थना में लौलीन किया।

इस सप्ताह और अगले सप्ताह हम देखेंगे कि प्रार्थना आरम्भिक कलीसिया में जीवन का स्रोत थी, यानि यह वह साँस थी जिसे वे हर दिन लेते थे, उनके हर काम में केन्द्रिय और सबसे महत्वपूर्ण ताकत थी। और मुझे निश्चय है कि आधुनिक सुसमाचारिय कलीसिया की विशेषतः अमरीका में, एक बीमारी यह है कि आरम्भिक कलीसिया में जो मूलभूत था हमने उसे लेकर आज हमारी कलीसियाओं में पूरक बना दिया है। आरम्भिक कलीसिया जिसे मूलभूत मानती थी हमने उसे लेकर पूरक बना दिया है जहाँ प्रार्थना कलीसिया के हर कार्य के पीछे की मूल ताकत होने की बजाय केवल कुछ विश्वासयोग्य लोगों के लिए एक वैकल्पिक कार्य है।

अतः, हम प्रेरितों के काम की पुस्तक को विस्तार से देखेंगे, जिसमें प्रार्थना के बारे में नये नियम की किसी भी अन्य पुस्तक से अधिक लिखा गया है, और हम देखेंगे कि मसीह के मिशन की प्रगति होने पर कलीसिया का प्रार्थना जीवन कैसे प्रकट हुआ। हम नींव के रूप में कुछ अलग–अलग कहानियों का प्रयोग करेंगे। परन्तु मैं चाहता हूँ कि हम तीन पदों को देखकर शुरू करें। अपने पेन या पेन्सिल को तैयार रखें और पूरे प्रेरितों के काम की पुस्तक में आरम्भिक कलीसिया के प्रार्थना जीवन को रेखांकित करें।

मैं चाहता हूँ आप मेरे साथ प्रेरितों के काम 1:14 देखें। मैं चाहता हूँ कि आप शुरू से तीन उदाहरणों को देखें जहाँ बाइबल कहती है कि कलीसिया प्रार्थना में लौलीन थी। इन तीनों अलग–अलग पदों में से प्रत्येक में, मैं आपको दिखाना चाहता हूँ वास्तव में हिन्दी अनुवाद में ये अलग–अलग शब्द हैं, परन्तु नये नियम की मूल भाषा, यूनानी में यह एक ही शब्द है। प्रेरितों के काम 1 का पद 14 कहता है, "वे एकचित्त होकर प्रार्थना में लगे रहे।" यहाँ प्रयुक्त शब्द वही है जिसका प्रयोग वे यह बताने में कर रहे थे कि प्रेरितों के काम 2:42 में क्या हुआ। एकचित्त होकर लगे रहने की बजाय प्रेरितों के काम 2:42 कहता है, कि उन्होंने अपने आप को कुछ बातों में लौलीन किया, और यह कुछ बातों की सूची बताता है, और जब आप अन्त में आते हैं तो वहाँ प्रार्थना के बारे में बताया गया है।

फिर आप प्रेरितों के काम 6:4 में आते हैं। आगे बढ़ें और अपनी अंगुलियों को तैयार रखें। हमें आज बाइबल को बहुत पलटना है। एक तस्वीर पाने के लिए हम प्रेरितों के काम 6:3 से शुरू करेंगे। यह तब था जब वे मेज की सेवा के लिए सात सेवकों को चुन रहे थे। हमने एक साथ इस पद्यांश का अध्ययन किया है। "इसलिए, हे भाइयो, अपने में से सात सुनाम पुरूषों को जो पवित्र आत्मा और बुद्धि से परिपूर्ण हों, चुन लो, कि हम उन्हें इस काम पर ठहरा दें। परन्तु हम तो प्रार्थना में और वचन की सेवा में लगे रहेंगे।" हम इस पर ध्यान देंगे। हम अपने आप को इस में लौलीन करेंगे। हम एकचित्त होकर प्रार्थना में लगे रहेंगे। आरम्भिक कलीसिया के प्रार्थना जीवन को बताने के लिए हम इन शब्दों के प्रयोग को देखते हैं।

मैं चाहता हूँ हम इस बात को सोचें कि एक कलीसिया के लिए प्रार्थना में लौलीन होने का क्या अर्थ है। इसका क्या अर्थ है कि उन्होंने अपने आप को प्रार्थना में लौलीन किया? चूँकि प्रेरितों के काम की पुस्तक में प्रार्थना के 30 से अधिक उदाहरण हैं, इसलिए अभी हमारे पास उन सबके अध्ययन करने का समय नहीं है। मैं आपको दो कहानियाँ दिखाता हूँ मेरे विचार में आरम्भिक कलीसिया में प्रार्थना की प्राथमिकता को बताती और प्रदर्शित करती हैं।

प्रेरितों को काम 4 पर आएँ। प्रेरितों के काम 4 में सन्दर्भ है कि मसीही लोग पहली बार सताव का सामना कर रहे हैं। उन्हें अधिकारियों के सामने लाया गया है। उन्हें धमकियाँ मिली। पद 23 में लिखा है, "वे छूटकर अपने साथियों के पास आए, और जो कुछ प्रधान याजकों और पुरनियों ने उनसे कहा था, उनको सुना दिया। यह सुनकर उन्होंने एक चित्त होकर ऊँचे शब्द से परमेश्वर से कहा।" मैं चाहता हूँ आप प्रेरितों के काम 4 में सताई हुई कलीसिया की प्रार्थना को सुनें। कल्पना करें कि आपको सताया जा रहा है और धमकियाँ दी जा रही हैं। इसी कारण हम एक साथ इकट्ठे होते हैं और प्रार्थना करते हैं। "हे स्वामी, तू वही

है जिसने स्वर्ग और पृथ्वी और समुद्र और जो कुछ उनमें है बनाया। तू ने पवित्र आत्मा के द्वारा अपने सेवक हमारे पिता दाऊद के मुख से कहा, अन्यजातियों ने हुल्लड़ क्यों मचाया? और देश देश के लोगों ने क्यों व्यर्थ बातें सोचीं? प्रभु और उसके मसीह के विरोध में पृथ्वी के राजा खड़े हुए, और हाकिम एक साथ इकट्ठे हो गए।"

क्योंकि सचमुच तेरे सेवक यीशु के विरोध में, जिसका तू ने अभिषेक किया, हेरोदेस और पुन्तियुस पिलातुस भी अन्य जातियों और इस्राएलियों के साथ इस नगर में इकट्ठे हुए, कि जो कुछ पहले से तेरी सामर्थ और मति से ठहरा था वही करें। अब हे प्रभु, उनकी धमकियों को देख; और अपने दासों को यह वरदान दे कि तेरा वचन बड़े हियाव से सुनाएँ। चंगा करने के लिए तू अपना हाथ बढ़ा कि चिन्ह और अद्भुत काम तेरे पवित्र सेवक यीशु के नाम से किए जाएँ। जब वे प्रार्थना कर चुके, तो वह स्थान जहाँ वे इकट्ठे थे हिल गया, और वे सब पवित्र आत्मा से परिपूर्ण हो गए, और परमेश्वर का वचन हियाव से सुनाते रहे।

आरम्भिक कलीसिया में प्रार्थना का एक चित्रण है। यदि आप अप्रैल में हमारे साथ थे, उस समय सूडान से चार भाई हमारे बीच में थे। हमने प्रार्थना और सताव तथा सताव सहने वाले भाईयों और बहनों के लिए प्रार्थना करने की हमारी जिम्मेदारी के बारे में बात की। और प्रेरितों के काम 4 यही है।

अब हम प्रेरितों के काम 12 में आते हैं। ये दो मूलभूत कहानियाँ हैं जिन्हें हम विभिन्न बिन्दूओं पर देखेंगे। प्रेरितों के काम 12 को देखें, प्रेरितों के काम की पुस्तक में प्रार्थना करने वाली एक कलीसिया की कहानी। इसे सुनें। यह एक प्रकार की भूमिका बनाता है। लूका हमें बताता है, "उस समय हेरोदेस राजा ने कलीसिया के कई व्यक्तियों को सताने के लिए उन पर हाथ डाले।" हमें फिर से सताव की पृष्ठभूमि मिल गई है। "उसने यूहन्ना के भाई याकूब को तलवार से मरवा डाला।" याकूब का सिर काट दिया गया। "जब उसने देखा कि यहूदी लोग इससे आनन्दित होते हैं, तो उसने पतरस को भी पकड़ लिया। वे दिन अखमीरी रोटी के दिन थे। उसने उसे पकड़ के," यानि पतरस को, "बन्दीगृह में डाला, और चार–चार सिपाहियों के चार पहरों में रखा; इस विचार से कि फसह के बाद उसे लोगों के सामने लाए।" और पतरस बन्दीगृह में था, लेकिन कलीसिया क्या कर रही थी? कलीसिया उसके लिए लौ लगाकर परमेश्वर से प्रार्थना कर रही थी। और, क्या होता है।

"जब हेरोदेस उसे लोगों के सामने लाने को था, उसी रात पतरस दो जंजीरों के से बंधा हुआ दो सिपाहियों के बीच में सो रहा था; और पहरूए द्वार पर बन्दीगृह की रखवाली कर रहे थे।" एक क्षण के लिए वहाँ

रूकें। पतरस का भी वही हाल होने वाला था जो याकूब का हुआ था, सिर काट डाला जाना। वह बन्दीगृह में है। आप सोचेंगे कि यदि ऐसी कोई रात है जिसमें पतरस को नींद न आए तो वह आज की रात होगी। लेकिन पतरस गहरी नींद में है, बन्दीगृह में खर्राटे ले रहा है। वह जेल को तोड़ने की योजना नहीं बना रहा है। वह चक नोरिस के साथ इस बारे में बात नहीं कर रहा है कि वह कैसे इस परिस्थिति से बाहर निकल सकता है। पतरस केवल खर्राटे ले रहा है, सो रहा है। तस्वीर यह है। परमेश्वर की शान्ति को देखें। क्या आप जेल में परमेश्वर की शान्ति को देखते हैं? तो, सुनें क्या होता है। और यहाँ मैं समझता हूँ यह रूचिकर हो जाता है।

"तो देखो, प्रभु का एक स्वर्गदूत आ खड़ा हुआ और उस कोठरी में ज्योति चमकी, और उसने पतरस की पसली पर हाथ मार के उसे जगाया और कहा, "उठ, जल्दी कर।" और उसके हाथों से जंजीरें खुलकर गिर पड़ीं।" क्या आप इसे देख रहे हैं? एक स्वर्गदूत कोठरी में आता है। कोठरी में श्वेत ज्योति चमक रही है, यह अद्भुत दृश्य जारी है। पतरस क्या कर रहा है? वह सो रहा है। और स्वर्गदूत पतरस की पसली पर हाथ मारता है। उठ, मित्र! उठ! तुझे जागना है!

और पतरस उठता है, और स्वर्गदूत पद 8 में उस से कहता है, "कमर बाँध और अपने जूते पहन ले," जो एक अच्छी सलाह थी। पतरस जाने के लिए तैयार था। नहीं, पतरस, पहले अपने वस्त्र पहन ले। इस कहानी को 2000 सालों से बताया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि तुम सड़क पर बिना वस्त्र के आओ। "पतरस ने वैसा ही किया। 'अपना वस्त्र पहनकर मेरे पीछे हो ले,' स्वर्गदूत ने उस से कहा।" क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि स्वर्गदूत इस समय अपनी आँखें घुमा रहा है? इस व्यक्ति को वास्तव में सहायता की जरूरत है।

"पतरस निकलकर उसके पीछे हो लिया; परन्तु यह न जानता था कि जो कुछ स्वर्गदूत कर रहा है वह सच है, वरन् यह समझा कि मैं दर्शन देख रहा हूँ।" पतरस अब भी नींद में था। "तब वे पहले और दूसरे पहरे से निकलकर उस लोहे के फाटक पर पहुँचे, जो नगर की ओर है। वह उनके लिए आप से आप खुल गया, और वे निकलकर एक ही गली होकर गए, और तुरन्त ही स्वर्गदूत उसे छोड़कर चला गया। तब पतरस सचेत हुआ।" क्या यह अद्भुत नहीं है? हम पतरस से प्रेम करते हैं क्योंकि पतरस धीमा है। तुम्हें एक स्वर्गदूत ने जगाया है। तुम तीनों पहरों को पार कर चुके हो। अब तुम बन्दीगृह के बाहर सड़क पर हो। ओह, यहाँ कुछ हुआ है।

"तब पतरस ने सचेत होकर कहा, 'अब मैं ने सच जान लिया है कि प्रभु ने अपना स्वर्गदूत भेजकर मुझे हेरोदेस के हाथ से छुड़ा लिया, और यहूदियों की सारी आशा तोड़ दी है।' यह जानकर वह उस यूहन्ना की माता मरियम के घर आया, जो मरकुस कहलाता है। वहाँ बहुत से लोग इकट्ठे होकर प्रार्थना कर रहे थे। जब उसने फाटक की खिड़की खटखटाई, तो रूदे नामक एक दासी देखने को आई। पतरस का शब्द पहचानकर उसने आनन्द के मारे फाटक न खोला, परन्तु दौड़कर भीतर गई और बताया कि पतरस द्वार पर खड़ा है!" अपने आपको पतरस की जगह पर रखें। अब आपको पता चल गया है कि आप एक छूटे हुए दोषी हैं और आप जेल से भाग आए हैं। आप अकेले सड़क पर खड़े हैं। आप वास्तव में अन्दर जाना चाहते हैं। आप उस जगह आते हैं जहाँ कलीसिया प्रार्थना कर रही है, आप द्वार खटखटाते हैं, और रूदे आती है। वह इतनी खुश हो जाती है कि वह पतरस को द्वार खटखटाते हुए वहीं छोड़ देती है और भीतर जाकर सबको बताती है कि क्या हुआ है। वह भीतर जाती है और कहती है "पतरस द्वार पर है।"

पद 15, उन्होंने उससे कहा, "तू पागल है।" परन्तु वह दृढ़ता से बोली कि ऐसा ही है। तब उन्होंने कहा, "उसका स्वर्गदूत होगा।" क्या आप इसे देख रहे हैं? कलीसिया एकत्रित होकर पतरस के लिए प्रार्थना कर रही है। रूदे भीतर आकर कहती है, "पतरस द्वार पर है!" उन्होंने कहा, "चुप रहो, रूदे। हम पतरस के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।" वे प्रार्थना करते रहते हैं। रूदे फिर कहती है, "पतरस द्वार पर है! पतरस द्वार पर है!" वे कहते हैं, "रूदे यदि तू विध्न डालना बन्द नहीं करेगी तो परमेश्वर कभी हमारी प्रार्थना का उत्तर नहीं देगा। परमेश्वर हम पतरस के लिए प्रार्थना करते हैं।" अन्ततः रूदे और वे लोग इस बात पर सहमत होते हैं कि वे द्वार पर जायेंगे।

पद 16, "परन्तु पतरस खटखटाता ही रहाः अतः उन्होंने खिड़की खोली, और उसे देखकर चकित रह गए। तब उसने उन्हें हाथ से संकेत किया कि चुप रहें; और उनको बताया कि प्रभु किस रीति से उसे बन्दीगृह से निकाल लाया है। फिर कहा, याकूब और भाइयों को यह बात बता देना। जब निकलकर दूसरी जगह चला गया। भोर को सिपाहियों में बड़ी हलचल मच गई कि पतरस का क्या हुआ। जब हेरोदेस ने उसकी खोज की और न पाया, तो पहरूओं की जाँच करके आज्ञा दी कि वे मार डाले जाएँ।

और हेरोदेस यहूदिया छोड़कर कैसरिया में जा कर रहने लगा। हेरोदेस सूर और सैदा के लोगों से बहुत अप्रसन्न था। इसलिए वे एकचित्त होकर उसके पास आए, और बलास्तुस को जो राजा का एक कर्मचारी था, मनाकर मेल करना चाहा; क्योंकि राजा के देश से उनके देश का पालन–पोषण होता था। ठहराए हुए दिन हेरोदेस राजवस्त्र पहिनकर सिंहासन पर बैठा, और उनको व्याख्यान देने लगा। तब लोग पुकार उठे,

"यह तो मनुष्य का नहीं ईश्वर का शब्द है।" उसी क्षण प्रभु के एक स्वर्गदूत ने तुरन्त उसके मारा, क्योंकि उसने परमेश्वर को महिमा न दी; और वह कीड़े पड़के मर गया। परन्तु परमेश्वर का वचन बढ़ता और फैलता गया।" आप परमेश्वर की तरफ होना चाहते हैं।

अब, आरम्भिक कलीसिया में प्रार्थना की दो तस्वीरें हैं। आधार के रूप में इन दोनों के साथ, मैं चाहता हूँ कि हम यह देखने के लिए प्रेरितों के काम की पुस्तक की सैर करें कि प्रार्थना में लौलीन होने का क्या मतलब है। और मैं चाहता हूँ कि हम कुछ सवाल पूछें। यह बहुत छोटा लग सकता है, परन्तु मैं समझता हूँ कि हम अक्सर इस से चूक जाते हैं। सबसे पहले, उन्होंने किस से प्रार्थना की? और यह एक बड़ा सवाल है। संसार भर में लोग आज प्रार्थना कर रहे हैं। मुसलमान प्रार्थना कर रहे हैं, हिन्दू प्रार्थना कर रहे हैं। बहुत से लोग प्रार्थना कर रहे हैं। हम किस से प्रार्थना कर रहे हैं? प्रेरितों के काम में कौनसी बात बाइबल के परमेश्वर को सबसे अलग करती है?

दो विशेषताओं को देखें। पहली, हम परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं जो संसार में हर चीज के ऊपर सर्वोच्च है। परमेश्वर जो संसार में हर वस्तु के ऊपर सर्वोच्च है। परमेश्वर के लिए सर्वोच्च होने का अर्थ है सब कुछ उसके नियन्त्रण में है। उसका एक उद्देश्य है और वह अपने उद्देश्य को पूरा करेगा। परमेश्वर की सर्वोच्चता का यही अर्थ है। भजन 24:1 कहता है, "पृथ्वी और जो कुछ उस में है यहोवा ही का है।" संसार और उसमें निवास करनेवाले परमेश्वर के हैं। वह सर्वोच्च है। भजन 22 कहता है कि सारी प्रभुता, सारा राज्य, और सारा अधिकार परमेश्वर का है। भजन 47 कहता है कि पृथ्वी के सब राजा परमेश्वर के हैं। जब आप सीएनएन या फॉक्स न्यूज देखते हैं कि संसार भर में नेता लोग क्या कर रहे हैं तो क्या यह जानना और सोचना अच्छा नहीं है कि उन नेताओं में से प्रत्येक अन्तिम रूप से परमेश्वर के अधिकार के अधीन है? भजन 66 कहता है सारी पृथ्वी परमेश्वर के सामने दण्डवत् करती है।

अब, यह बहुत बड़ा था। जब आप अध्याय 4, पद 24 में आते हैं, और आरम्भिक कलीसिया सताव के बीच दण्डवत् करती है, वे अपनी प्रार्थना की शुरूआत कैसे करते हैं, वे यह नहीं कहते हैं, "प्रिय परमेश्वर।" वे कहते हैं, "सर्वोच्च परमेश्वर," जो सब कुछ के ऊपर अधिकार रखता है। और यह उनके लिए बड़ा था। जब आप चारों ओर से सताव सहते हैं, जब आपका परिवार खतरे में है, जब आपकी कलीसिया खतरे में है, तो ऊपर की ओर नजर उठाकर यह देखना अच्छा है कि सब कुछ परमेश्वर के नियन्त्रण में है, और उसका एक उद्देश्य है जिसे वह इन सबके द्वारा पूरा करेगा। इसी कारण वे शेष प्रार्थना करते हैं और भजन 2 से उद्धृत करते हैं और कहते हैं कि किस प्रकार इन्हीं लोगों के द्वारा यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया। और वे

क्या कहते हैं? यीशु के साथ जो हुआ वह इसलिए हुआ कि उसका होना तूने पहले से नियुक्त किया था। क्रूस पर यीशु की मृत्यु एक दुर्घटना नहीं थी। हमारे जीवन में कुछ भी दुर्घटनावश नहीं होता है। यह सब परमेश्वर के सर्वोच्च हाथों के अधीन है। यही प्रेरितों के काम 12 में है। संसार और कलीसिया एक–दूसरे के विरोध में है। हेरोदेस पूरी ताकत के साथ कलीसिया के विरूद्ध है और पतरस बन्दीगृह में है, और कलीसिया के पास प्रार्थना के अलावा कोई सामर्थ नहीं है। और क्या होता है? परमेश्वर अपनी महानता को दिखाता है। परमेश्वर प्रेरितों के काम 12 का नायक है। न कि पतरस। पतरस शेष प्रेरितों के काम की पुस्तक में बहुत कम दिखाई देता है। परमेश्वर नायक है। वह अपनी सर्वोच्चता को दिखाता है, कि सब कुछ उसके नियन्त्रण में है, न कि हेरोदेस के।

मैं चाहता हूँ आप इस बारे में सोचें कि यह किस प्रकार हमारी प्रार्थना करने की रीति को प्रभावित करता है। क्या यह जानना अच्छा नहीं है कि जिस परमेश्वर की हम आराधना करते हैं वह संसार में सर्वोच्च है? बहनों और भाईयो, जब विवाह टूटता हुआ प्रतीत होता है, जब कैन्सर अपने चरम पर हो, जब कार्यस्थल और घर में सब कुछ असमंजसपूर्ण हो और उनका कोई अर्थ प्रतीत न हो, तो क्या यह जानना अच्छा नहीं है कि आप अपने घुटनों पर आ सकते हैं, नजर उठाकर ऊपर देख सकते हैं कि परमेश्वर अब भी सिंहासन पर है, और सर्वदा वही नियन्त्रण करता है, और हमारे साथ कुछ भी दुर्घटनावश नहीं होता है? क्या आप इसे समझ गए हैं? प्रेरितों के काम 4 और 12 के सताने वाले जकड़े हुए थे। परमेश्वर की सर्वोच्च सामर्थ से अलग वे कुछ नहीं कर सकते थे। और क्या यह हमारे उन भाईयों और बहनों के लिए अच्छी खबर नहीं है जो चीन और उत्तरी कोरिया की जेलों में बन्द हैं? क्या यह उनके लिए अच्छा नहीं है जिन्हें अपने परिवारों से अलग कर दिया गया है, जो शायद फिर कभी न मिल सकें, कि वे अपने सताने वालों की आँखों में देखें और विश्वास करें कि परमेश्वर के उद्देश्य की पूर्ति के लिए उसके सर्वोच्च हाथ से अलग उनके सताने वाले कुछ नहीं कर सकते हैं?

वह संसार में सर्वोच्च है। और यह उस रीति को प्रभावित करता है जिस प्रकार उन्होंने पूरी पुस्तक में प्रार्थना की। आप प्रेरितों के काम 16 में आते हैं और वे प्रार्थना कर रहे हैं कि लोग मसीह के विश्वास में आएँ और वे प्रार्थना करते हैं कि उद्धार के प्रति लोगों की आँखें खुल जाएँ। परमेश्वर अपनी सर्वोच्चता में उनकी आँखों को खोलता है कि वे उसके अनुग्रह और उसकी दया को देखें और मसीह पर विश्वास करें। प्रेरितों के काम 18 में, पौलुस कुरिन्थ में संघर्ष कर रहा है, जो कि एक बहुत ही कठिन जगह है। वह संघर्ष कर रहा है और सोच रहा है कि क्या उसे वहाँ से चले जाना चाहिए। प्रेरितों के काम 18:9–11 में यीशु उसके पास आता है और कहता है, पौलुस, तू जहाँ है वहीं रह और प्रचार करता रह। चुप न रह। क्यों।

क्योंकि इस नगर में मेरे बहुत से लोग हैं। यह परमेश्वर की सर्वोच्चता है। वह कहता है, पौलुस, नगर के लोग मसीह पर विश्वास करने वाले हैं। तू यहीं रह और प्रचार कर। अतः, पौलुस ने यही किया। और अगला पद कहता है कि अगले डेढ़ सालों में बहुत से लोगों ने मसीह पर विश्वास किया। क्या यह जानना अच्छा नहीं है? मुझे निश्चय है कि बर्मिंघम में परमेश्वर के लोग हैं और वह उद्धार के लिए उनकी आँखों को खोलना चाहता है। उसके पास इसे करने की सामर्थ है। वह इसके लिए हमारा उपयोग करना चाहता है। क्या यह जानना अच्छा नहीं है कि यहाँ के उन लाखों लोगों में परमेश्वर के लोग हैं जिन्होंने कभी यीशु का नाम नहीं सुना है और परमेश्वर उन्हें अपनी ओर खींचना चाहता है, और वह उद्धार के लिए उनकी आँखों को खोलने वाला है और वह इस कार्य को हमारे द्वारा करेगा? यह परमेश्वर प्रार्थना के योग्य है।

मुझे याद है जब हम पूर्वी एशिया में थे। आपने मुझ से कई बार भूमिगत घरेलू कलीसियाओं के बारे में सुना होगा। पहली बार जब हम गए, जब मैं यह सब कर रहा था, शेष दल, मेरी पत्नी हेदर सहित, सुसमाचार से अधिकाँशतः वंचित इस क्षेत्र में एक कॉलेज परिसर में थे, बहुत से लोगों से जिन्होंने कभी यीशु का नाम नहीं सुना था, उनसे एक तरह से चोरी छिपे सुसमाचार बाँट रहे थे। उन्होंने कुछ लोगों से सम्पर्क किया। वहाँ एक लड़की थी जिसके साथ हेदर ने बहु समय बिताया था। परन्तु सप्ताह का अन्त हुआ और हम उस सुबह अपना सामान बाँध रहे थे, और किसी ने भी मसीह पर विश्वास नहीं किया था। हमने परमेश्वर को कुछ घरेलू कलीसियाओं में अद्‌भुत कार्य करते हुए देखा था, परन्तु हम किसी व्यक्ति को विश्वास में आते हुए देखना चाहते थे। पूरे सप्ताह हमने प्रार्थना की, अपने उद्धार के प्रति आँखें खोल। परमेश्वर, हम जानते हैं कि इस परिसर में ऐसे लोग हैं जिन्हें आप अपनी ओर खींच रहे हैं।

हमारे अन्तिम दिन सुबह, वहाँ एक और दल आया जो इसी कार्य को करने वाला था, और वे इस भवन के एक कमरे में एकत्रित थे। और हम उस कमरे से बाहर निकल चुके थे और बाहर जाने के लिए अपने सामान को कन्धों पर रख रहे थे, और यह लड़की दौड़कर आती है जिसके साथ हेदर ने बहुत समय व्यतीत किया था। वह दौड़कर आती है और कहती है, "मैं यीशु पर विश्वास करना चाहती हूँ! मैं यीशु पर विश्वास करना चाहती हूँ! हेदर खुश होकर उसके पास जाती है और उसके साथ बात करती और उसके साथ प्रार्थना करती है। उसने मसीह पर विश्वास किया। और मैं वहाँ बैठा आनन्दित हो रहा था। जब मैं वहाँ बैठा था और हम जाने के इन्तजार में थे, तब उस नये दल का मनन चल रहा था। और उन्हें पता नहीं था कि बाहर क्या हो रहा है। परन्तु मैं उन्हें वचन को पढ़ते हुए सुनता हूँ। और क्या आप जानते हैं वे कौनसा पद्यांश पढ़ रहे थे? भजन 46:10, "चुप हो जाओ, और जान लो कि मैं ही परमेश्वर हूँ। मैं जातियों

में महान हूँ। मैं पृथ्वी भर में महान हूँ।" परमेश्वर का एक उद्देश्य है, और वह उसे पूरा करेगा। एक परमेश्वर है जो संसार में सर्वोच्च है, और वह परमेश्वर प्रार्थना के योग्य है।

वह न केवल सर्वोच्च है, बल्कि दूसरा, वह ऐसा परमेश्वर है जो हमारी सारी जरूरतों को पूरा करता है। वह हमारी प्रत्येक जरूरत को पूरा करता है। मैं चाहता हूँ कि आप एक छोटे रहस्य को जानें जिसे आरम्भिक कलीसिया जानती थी और जिसने उनकी प्रार्थना करने की रीति को प्रभावित किया और जिसे हमने जानने की जरूरत है। प्रेरितों के काम 17 में आएँ। मैं आपको एक पद दिखाना चाहता हूँ जो विशेष रूप से प्रार्थना के बारे में बात नहीं करता है, परन्तु यह हमें प्रार्थना के बारे में और इस बारे में बहुत कुछ सिखाता है कि आरम्भिक कलीसिया में वे प्रार्थना को कैसे देखते थे। प्रेरितों के काम 17 को देखें। यहाँ पौलुस मार्स हिल नामक जगह पर प्रचार कर रहा है, मूलतः ऐसे लोगों का एक झुण्ड जो सुसमाचार के प्रति पूरी तरह बन्द था। देखें कि वह 24 और 25 में उनसे क्या कहता है। "जिस परमेश्वर ने पृथ्वी और उसकी सब वस्तुओं को बनाया, वह स्वर्ग और पृथ्वी का स्वामी होकर, हाथ के बनाए हुए मन्दिरों में नहीं रहता।" क्या आप यहाँ उसकी सर्वोच्चता को देखते हैं? पौलुस उसी के बारे में बात कर रहा है।

अब हमारी हर जरूरत को पूरा करने वाले परमेश्वर के बारे में पद 25 को देखें। "न किसी वस्तु की आवश्यकता के कारण मनुष्यों के हाथों की सेवा लेता है, क्योंकि वह स्वयं ही सब को जीवन और श्वास और सब कुछ देता है।" क्या आप इसे समझ गए हैं? मैं चाहता हूँ आप सोचें कि यह प्रार्थना से किस प्रकार संबंधित है। मैं इसे एक बार और पढ़ूँगा। "न किसी वस्तु की आवश्यकता के कारण मनुष्यों के हाथों की सेवा लेता है, क्योंकि वह स्वयं ही सब को जीवन और श्वास और सब कुछ देता है।"

यहाँ पर प्रार्थना की कुंजी है जिसे आरम्भिक कलीसिया जानती थी। वे इस रहस्य को जानते थे कि कलीसिया में परमेश्वर की सामर्थ को देखने की कुंजी परमेश्वर की सेवा करने में नहीं बल्कि परमेश्वर द्वारा सेवा किए जाने में पाई जाती है। मैं इसे एक बार और बताता हूँ। आरम्भिक कलीसिया की यह मानसिकता नहीं थी कि वे बाहर जाकर परमेश्वर की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे और उसके लिए काम करेंगे। उन्होंने प्रार्थना की। वे प्रार्थना में समर्पित थे क्योंकि वे जानते थे कि परमेश्वर अपने कार्य को उनके द्वारा पूरा करेगा। और यह वे लोग नहीं थे जो बाहर जाकर परमेश्वर के लिए महान कार्य करने का प्रयास कर रहे थे। वे परमेश्वर की सामर्थ को उनके द्वारा कार्य करने की अनुमति दे रहे थे। और वह उनकी हर जरूरत को पूरा करता।

जब प्रेरितों के काम 4 में वे इकट्ठे हुए, उन्होंने कहा, परमेश्वर हमें तेरे वचन को सुनाने के लिए साहस की जरूरत है, और परमेश्वर उन्हें वह देता है। प्रेरितों के काम 12, परमेश्वर, हम आपका छुटकारा दिखाना चाहते हैं। याकूब का सिर काट दिया गया है। अब पतरस की बारी है। परमेश्वर अपना छुटकारा दिखा, और परमेश्वर उन्हें दे देता है। हम चाहते हैं उद्धार के लिए आँखें खुल जाएँ, परमेश्वर इसे करता है। हम चाहते हैं कि तू अपनी कलीसिया को बढ़ा। परमेश्वर इसे करता है। और कलीसिया के मिशन को पूरा करने के लिए उनकी हर आवश्यकता को परमेश्वर पूरा करता है। प्रार्थना में यही हमारा भरोसा है, कि उसके पास आने पर हम जानते हैं कि जब हम हमारे द्वारा उसके उद्देश्य को पूरा करने के लिए हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने की माँग करते हैं तो जो हमने माँगा है वह हमें मिल गया है। वह पूर्ति करेगा। यही प्रार्थना की कुंजी है।

हम आत्मनिर्भर लोग हैं और सोचते हैं कि हम बाहर जाकर परमेश्वर के लिए अच्छे कार्य करेंगे। बात यह नहीं है। हम अपने मुँह के बल गिरकर परमेश्वर से कहते हैं कि वह हमारे द्वारा अपना कार्य करे। और वह देने के लिए तैयार है। वह हम सबके जीवनों के तैयार है। और ब्रूक हिल्स की कलीसिया में वह देने के लिए, सुसमाचार के द्वारा संसार पर प्रभाव डालने के लिए हमारी सारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वह तैयार है। प्रार्थना में हमारी अधिकाँश गरीबी का कारण यह तथ्य है कि हम उसे एक महान अनुग्रह–दाता के रूप में नहीं देखते हैं जो कि वह है। वह देने के लिए तैयार है। पवित्रशास्त्र क्या कहता है? "तुम्हारे पास इस कारण नहीं है क्योंकि तुम माँगते नहीं।" परमेश्वर हमारी प्रत्येक जरूरत को पूरा करने के लिए तैयार है।
वह संसार के ऊपर सर्वोच्च है और वह हमारी हर जरूरत को पूरा करने के लिए तैयार है।

दूसरा सवाल। उन्होंने प्रार्थना क्यों की? हमें प्रार्थना क्यों करनी चाहिए? पहला, वे पूरी तरह परमेश्वर की सामर्थ पर निर्भर थे। प्रेरितों के काम 4:33 कहता है कि उन पर बड़ी सामर्थ थी। वास्तव में इसका अर्थ है कि कलीसिया पर अत्यधिक सामर्थ थी। उनके पास परमेश्वर की विराट सामर्थ थी। मैं चाहता हूँ हम यह करें। मैं चाहता हूँ कि हम एक छोटी सैर करें, और आप उन स्थानों को चिन्हित कर सकते हैं जब उन्होंने प्रार्थना की और बाहरी किनारे पर उसके परिणाम को टिप्पणी के रूप में लिख सकते हैं।

उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम 1:14 से शुरू करें। हमने एक पल पूर्व इस पद को पढ़ा था। यह क्या कहता है? यह कहता है, "ये सब कई स्त्रियों और यीशु की माता मरियम और उसके भाइयों के साथ एक चित होकर प्रार्थना में लगे रहे।" वे प्रेरितों के काम 1 में हैं। वे एक चित होकर प्रार्थना में लगे रहे। परिणाम

क्या होता है? प्रेरितों के काम 2:1, आत्मा सामर्थ के साथ उतरता है। पतरस खड़ा होकर प्रचार करता है। और प्रेरितों के काम 2:42 तक 3000 से अधिक लोग मसीह पर विश्वास करते हैं। यह एक साथ प्रार्थना करने का फल था। प्रेरितों के काम 3:1 को देखें। एक दिन पतरस और यूहन्ना मन्दिर में जा रहे थे किस समय? प्रार्थना। वे प्रार्थना के समय पर जा रहे हैं, दोपहर 3:00 बजे। इसका परिणाम क्या होता है? एक लंगड़ा व्यक्ति अपने जीवन में पहली बार चलता है। 4:4 कहता है कि यीशु पर विश्वास करने वालों की संख्या 5000 हो गई। शायद हमें भी प्रार्थना के लिए इकट्ठे होना चाहिए। यह कारगर प्रतीत होता है।

प्रेरितों के काम 6 में आएँ। कलीसिया में किसी झगड़े के कारण, प्रार्थना प्रेरितों की एक छोटी जिम्मेदारी रह जाती है, और उन्हें अन्य सारी बातें करनी पड़ती हैं। इसलिए उन्होंने कहा कि हम कुछ सेवकों को चुनें। हमने एक क्षण पहले पद 3 में इसे पढ़ा। "अपने में से सात सुनाम पुरूषों को जो पवित्र आत्मा और बुद्धि से परिपूर्ण हों, चुन लो, कि हम उन्हें इस काम पर ठहरा दें। परन्तु हम तो प्रार्थना में और वचन की सेवा में लगे रहेंगे।" और वे प्रार्थना करना शुरू करते हैं। पद 7 क्या कहता है? "परमेश्वर का वचन फैलता गया और यरूशलेम में चेलों की गिनती बहुत बढ़ती गई; और याजकों का एक बड़ा समाज इस मत को माननेवाला हो गया।" प्रार्थना कारगर प्रतीत होती है। आइए इसे फिर से करें। प्रेरितों के काम 7:59. यह संभवतः मेरा पसन्दीदा है। स्तिफनुस को पत्थरवाह किया जा रहा है। उस पर पत्थर फेंके जा रहे हैं। और, वह क्या करता है? वह प्रार्थना करता है। प्रेरितों के काम 7:59, "वे स्तिफनुस पर पथराव करते रहे, और वह यक कहकर प्रार्थना करता रहा, 'हे प्रभु यीशु, मेरी आत्मा को ग्रहण कर।' फिर घुटने टेककर ऊँचे शब्द से पुकारा, 'हे प्रभु, यह पाप उन पर मत लगा।' और यह कहकर वह सो गया। शाऊल उसके वध में सहमत था।" पत्थरवाह किए जाते समय स्तिफनुस किस के लिए प्रार्थना कर रहा था? शाऊल। अध्याय 9 के मध्य में शाऊल की आँखों से छिलके से गिरते हैं। वह मसीह के सम्पर्क में आया और वह साहस के साथ सुसमाचार का प्रचार कर रहा है। प्रार्थना उस समय भी कार्य करती है जब आप पर पथराव किया जा रहा हो।

हम आगे बढ़ते हैं। प्रेरितों के काम 13:1–3. वे एक साथ इकट्ठे होते हैं और प्रार्थना करते हैं। "अन्ताकिया की कलीसिया में कई भविष्यद्वक्ता और उपदेशक थे," और यह उनके नामों की सूची देता है। अब पद 2 को देखें। "जब वे उपवास सहित प्रभु की उपासना कर रहे थे, तो पवित्र आत्मा ने कहा, 'मेरे लिए बरनबास और शाऊल को उस काम के लिए अलग करो जिसके लिए मैं ने उन्हें बुलाया है।' तब उन्होंने उपवास और प्रार्थना करके और उन पर हाथ रखकर उन्हें विदा किया।" बहनों और भाईयो, इसने आरम्भिक कलीसिया के मिशनरी आन्दोलन का उद्घाटन किया। पौलुस एक मिशनरी यात्रा पर जाता है, फिर दूसरी,

फिर तीसरी, और सारे क्षेत्र में कलीसियाओं की शुरूआत होती है क्योंकि उन्होंने एक साथ प्रार्थना की और प्रभु ने उन्हें बाहर भेजा।

एक और उदाहरण। प्रेरितों के काम 16 में जाएँ। पद 25 को देखें। इस बार जेल में पतरस नहीं है। पौलुस और सीलास जेल में हैं। प्रेरितों के काम 16:25 को देखें। "आधी रात के लगभग पौलुस और सीलास प्रार्थना करते हुए परमेश्वर के भजन गा रहे थे, और कैदी उनकी सुन रहे थे।" चाहे आपको पत्थवाह किया जा रहा हो या आप जेल में हों, आप प्रार्थना करें। और क्या होता है? "इतने में एकाएक बड़ा भूकम्प आया, यहाँ तक कि बन्दीगृह की नींव हिल गई, और तुरन्त सब द्वार खुल गए; और सब के बन्धन खुल पड़े। दारोगा जाग उठा, और बन्दीगृह के द्वार खुले देखकर समझा कि कैदी भाग गए हैं, अतः उसने तलवार खींचकर अपने आप को मार डालना चाहा।" उसने प्रेरितों के काम 12 से एक पाठ सीखा था। "परन्तु पौलुस ने ऊँचे शब्द से पुकारकर कहा, 'अपने आप को कुछ हानि न पहुँचा, क्योंकि हम सब यहीं है।' तब वह दीया मँगवाकर भीतर लपका, और काँपता हुआ पौलुस और सीलास के आगे गिरा; और उन्हें बाहर लाकर कहा, 'हे सज्जनो, उद्धार पाने के लिए मैं क्या करूँ?' उन्होंने कहा, 'प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास कर, तो तू और तेरा घराना उद्धार पाएगा।'"

एक मिनट एक व्यक्ति है जिसने आपको बन्दीगृह में रखा है, जो आपका शत्रु है। आप प्रार्थना कर रहे हैं और कुछ ही क्षणों में वह व्यक्ति आपके पाँवों पर गिरकर कहता है, "मैं कैसे यीशु पर विश्वास कर सकता हूँ?" आप यह कैसे करते हैं? आप इस तरह परमेश्वर की सामर्थ का कैसे देखते हैं? आप अपने मुँह के बल गिरकर और यह कहकर इसे करते हैं कि हे परमेश्वर हम पूरी तरह तेरी सामर्थ पर निर्भर हैं। तेरी सामर्थ के बिना, हम कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने इसे कहाँ सीखा? यूहन्ना 15:5 में यीशु ने उनसे क्या कहा? "मैं दाखलता हूँ: तुम डालियाँ हो। जो मुझ में बना रहता है और मैं उसमें, वह बहुत फल लाता है, क्योंकि मुझ से अलग होकर तुम कुछ भी नहीं कर सकते।"

क्या ब्रूक हिल्स की कलीसिया में हम वास्तव में विश्वास करते हैं कि परमेश्वर की सामर्थ के लिए गहन समर्पित प्रार्थना के अलावा हम कुछ नहीं कर सकते हैं? यह परमेश्वर के वचन की सच्चाई है। प्रार्थना के बिना परमेश्वर की सामर्थ के लिए हम धार्मिक गतिविधि में अपनी ताकत लगा देंगे, लेकिन कहीं पहुँच नहीं पायेंगे। परन्तु इस पुस्तक में प्रत्येक बड़ा कार्य परमेश्वर की सामर्थ के लिए प्रार्थना के जवाब में होता है। हम समाज में एक ऐसे समय में रहते हैं जहाँ सब कुछ ज्यादा कार्य, ज्यादा कार्यक्रम, ज्यादा विचार, ज्यादा विधियों के बारे में है। सर्वोत्तम को पेश करें या रास्ते से हट जाएँ। और यह कलीसिया में भी घुस आया

है। हमें नये विचारों और नये कार्यक्रमों और नई विधियों के साथ आना होता है इसके बजाय कि हम परमेश्वर की सामर्थ के लिए ज्यादा और ज्यादा और ज्यादा प्रार्थना करें।

वे पूरी तरह परमेश्वर की सामर्थ पर निर्भर थे। दूसरा, उन्हें परमेश्वर के अनुग्रह की अत्यधिक आवश्यकता थी। प्रेरितों के काम 4:33, वह पद जिसमें लिखा है कि उनके पास बड़ी सामर्थ थी उसी में लिखा है कि उन पर बड़ा अनुग्रह था। उन सब पर अत्यधिक अनुग्रह था। यहाँ यह बहुत अच्छा हो जाता है। मैं जानता हूँ कि हम बहुत अधिक पृष्ठ पलट रहे हैं, और मैं ने आपको चिताया था कि हमें बहुत अधिक पृष्ठ पलटने हैं। लेकिन क्या पृष्ठ पलटने की आवाज को सुनना अच्छा नहीं है? यह अच्छा है। जब हम परमेश्वर के वचन का अध्ययन करते हैं तो परमेश्वर को आदर और महिमा मिलती है। मैं अनुग्रह को देखना चाहता हूँ। मैं चाहता हूँ कि आप उस प्रत्येक स्थान को रेखांकित करें जहाँ प्रेरितों के काम में अनुग्रह आता है और मैं चाहता हूँ कि आप परमेश्वर के अनुग्रह के प्रति उनकी तीव्र लालसा को देखें।

मेरे साथ प्रेरितों के काम 6:8. उन्हें परमेश्वर के अनुग्रह की अत्यधिक लालसा थी। यह स्तिफनुस है। देखें यह स्तिफनुस के बारे में क्या कहता है। प्रेरितों के काम 6:8 कहता है, "स्तिफनुस अनुग्रह और सामर्थ से परिपूर्ण होकर लोगों में बड़े–बड़े अद्‌भुत काम और चिन्ह दिखाया करता था।" स्तिफनुस के जीवन में परमेश्वर के अनुग्रह के कारण वह उसके द्वारा सामर्थ के काम कर रहा है। प्रेरितों के काम 11:23 में आएँ। यह अन्ताकिया की कलीसिया है। इस पद्यांश को हमने बरनबास के बारे में बात करते समय पिछले सप्ताह देखा था। अन्ताकिया की कलीसिया के वर्णन को सुनें। "बरनबास वहाँ पहुँचकर और परमेश्वर के अनुग्रह को देखकर आनन्दित हुआ, और सब को उपदेश दिया कि तनम न लगाकर प्रभु से लिपटे रहो।" कलीसिया बढ़ रही है। उसने कहा कि यह परमेश्वर के अनुग्रह का प्रमाण है।

हम आगे बढ़ते हैं। अध्याय 13:43 को देखें। पौलुस और बरनबास बाहर जाकर कलीसियाओं की स्थापना कर रहे हैं। "जब सभा उठ गई तो यहूदियों और यहूदी मत में आए हुए भक्तों में से बहुत से पौलुस और बरनबास के पीछे हो लिए; और उन्होंने उनसे बातें करके समझाया कि परमेश्वर के अनुग्रह में बने रहो।" 14:3 को देखें। पौलुस और बरनबास दूसरे नगर में जाते हैं। यह कहता है, "वे बहुत दिन तक वहाँ रहे, और प्रभु के भरोसे पर हियाव से बातें करते थे; और वह उनके हाथों से चिन्ह और अद्‌भुत काम करवाकर अपने अनुग्रह के वचन पर गवाही देता था।" परमेश्वर की योजना अनुग्रह है, और ये सारे चिन्ह और अद्‌भुत काम उसके अनुग्रह के कारण ही हो रहे हैं। उसी अध्याय के पद 26 को देखें, 14:26. उन्होंने पहली यात्रा को समाप्त किया और वे वापस आते हैं। "और अत्तलिया से वे जहाज पर अन्ताकिया गए, जहाँ

वे उस काम के लिए जो उन्होंने पूरा किया था परमेश्वर के अनुग्रह में सौंपे गए थे।" पूरी मिशनरी यात्रा को उस कार्य के लिए परमेश्वर के अनुग्रह के रूप में वर्णित किया गया जिसे अब उसने पूरा कर लिया था।

15:11 को देखें। कुछ वाद–विवाद होता है कि कौन वास्तव में मसीही बन सकता है, किसे कलीसिया में बुलाया जा सकता है, कौन कलीसिया का हिस्सा बन सकता है। 15:11 कहता है, "हाँ, हमारा यह निश्चय है कि जिस रीति से वे प्रभु यीशु के अनुग्रह से उद्धार पाएँगे; उसी रीति से हम भी पाएँगे।" मैं चाहता हूँ कि आप तीन और देखें। प्रेरितों के काम 18:27 को देखें। यह उन लोगों के बारे में बात करता है जिन्होंने सुसमाचार पर विश्वास किया। इसे सुनें। "जब अपुल्लोस ने निश्चय किया कि पार उतरकर अखाया को जाए तो भाइयों ने उसे ढाढ़स देकर चेलों को लिखा कि वे उससे अच्छी तरह मिलें; और उसने वहाँ पहुँचकर उन लोगों की बड़ी सहायता की जिन्होंने अनुग्रह के कारण विश्वास किया था।" उन्होंने विश्वास क्यों किया था? क्योंकि उन पर अनुग्रह था।

प्रेरितों के काम 20:24. यहाँ पौलुस अपनी मिशनरी यात्राओं के बारे में बात कर रहा है और बता रहा है कि वह यह कार्य क्यों करता है। देखें कि वह पद 24 में क्या कहता है। "परन्तु मैं अपने प्राण को कुछ नहीं समझता कि उसे प्रिय जानूँ, वरन् यह कि मैं अपनी दौड़ को और उस सेवा को पूरी करूँ, जो मैं ने परमेश्वर के अनुग्रह के सुसमाचार पर गवाही देने के लिए प्रभु यीशु से पाई है।" मैं ने अपना जीवन इस बात के लिए दे दिया है। मैं उसके अनुग्रह के सुसमाचार की गवाही देना चाहता हूँ।

पद 32 में देखें। "और अब मैं तुम्हें परमेश्वर को, और उसके अनुग्रह के वचन को सौंप देता हूँ; जो तुम्हारी उन्नति कर सकता है और सब पवित्र किए गए लोगों में साझी करके मीरास दे सकता है।" यह अनुग्रह का वचन इन सब को कर सकता है। बार–बार और बार–बार कलीसिया आगे बढ़ रही है। सुसमाचार फैल रहा है। अद्‌भुत घटनाएँ हो रही हैं क्योंकि परमेश्वर का अनुग्रहकारी हाथ उन पर था। बार–बार इसका श्रेय अनुग्रह को दिया गया है।

ध्यान दें कि आरम्भिक कलीसिया इस कारण नहीं बढ़ी कि उनके पास एक अच्छा युवा पासबान था। वे इसलिए नहीं बढ़े कि उनकी आराधना सभा बहुत हंगामेदार थी। वे इसलिए नहीं बढ़े कि उनके पास सेवकाई करने की नई योजनाएँ या विधियाँ थी। उन्होंने वे नई योजनाएँ या विधियाँ नहीं बनाई थी। बार–बार पवित्र आत्मा हमें इरादतन यह दिखाता है कि कलीसिया के बढ़ने का केवल एक ही कारण था, केवल एक ही कारण। यह अनुग्रह था। हम इस दोहराव को बार–बार क्यों देखते हैं? क्यों का जवाब यहाँ

है। क्योंकि जो अनुग्रह देता है वही महिमा पाता है। जो अनुग्रह देता है वही महिमा पाता है। क्योंकि यदि कलीसिया के बढ़ने का कारण अच्छा नया युवा पासबान होता, तो महिमा युवा पासबान को मिलती। और यदि कलीसिया के बढ़ने का कारण नई हंगामेदार आराधना है, तो महिमा आराधना सभा को मिलती। यदि यह हमारी नई योजनाएँ या विधियाँ या कार्यक्रम हैं जिन्हें हम ज्यादा लोगों तक पहुँचने के लिए कर रहे हैं, तो लोग उन कार्यक्रमों को देखते हैं और कहते हैं कि हमें भी उन बातों को करने की जरूरत है और महिमा उन्हें मिलती है।

परन्तु परमेश्वर ने कलीसिया को इस प्रकार बनाया है कि अन्त में वह अनुग्रह को उण्डेलता है और महिमा केवल उसे ही मिलती है। हे परमेश्वर, अपने अनुग्रह को हम पर इस तरह उण्डेलें कि उसका श्रेय केवल आपको मिले। उन्हें परमेश्वर के अनुग्रह की अत्यधिक आवश्यकता थी। क्या कलीसिया में चलने का यह एक अच्छा तरीका नहीं है? हे परमेश्वर, ज्यादा अनुग्रह दिखाएँ। हे परमेश्वर, हमारे समय में एक साथ अपना अनुग्रह दिखाएँ। हे परमेश्वर, इस सप्ताह हम बिखर रहे हैं। अपना अनुग्रह दिखा। यही प्रार्थना है। इसी कारण उन्होंने प्रार्थना की। उन्हें अनुग्रह की अत्यधिक आवश्यकता थी।

वे परमेश्वर की सामर्थ पर निर्भर थे, उन्हें परमेश्वर के अनुग्रह की अत्यधिक आवश्यकता थी। तीसरा, वे परमेश्वर के मिशन के प्रति पूर्णतः समर्पित थे। वे परमेश्वर के मिशन के प्रति पूर्णतः समर्पित थे। पूरे प्रेरितों के काम की पुस्तक में जब हम उन्हें प्रार्थना करते हुए देखते हैं, यह कलीसिया के मिशन से जुड़ा है, बंधा है, और उससे संबंधित है। कलीसिया के मिशन में शामिल प्रार्थना का यही स्थान है। परमेश्वर ने हमें प्रार्थना इसलिए दी है क्योंकि यीशु ने हमें एक मिशन दिया है।

संभवतः मिशन धर्मविज्ञान पर मेरी पसन्दीदा पुस्तक मिनेसोटा के पासबान जॉन पाइपर द्वारा लिखित पुस्तक 'Let the Nations be Glad' है। और इस में वे मिशन, कलीसिया के मिशन में प्रार्थना के स्थान के बारे में बात करते हैं। और वे प्रार्थना को युद्ध के समय के वायरलैस के समान बताते हैं जो मिशन में परमेश्वर के लोगों के पास है। मैं चाहता हूँ आप सुनें वह क्या कहते हैं। वह कहते हैं, "यह इस तरह है मानो सेनापति, यीशु ने सैन्य टुकड़ियों को बुलाया और उन्हें जाकर फल लाने का एक निर्णायक मिशन दिया, और उन में से प्रत्येक को एक व्यक्तिगत ट्रांसमीटर दिया जो सेनाध्यक्ष के मुख्यालय से जुड़ा है और कहा, 'सैनिको, सेनाध्यक्ष के पास तुम्हारे लिए एक मिशन है। वे इसे पूरा होते देखना चाहते हैं। और इसलिए उन्होंने मुझे अधिकार दिया है कि मैं तुम्हें उनसे व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करने के लिए ये ट्रांसमीटर दूँ। यदि तुम उनके मिशन के प्रति सच्चे बने रहो और पहले उनकी जीत की खोज में रहो, तो वह सदा तुम्हें रणनीतिक

सलाह देने और आवश्यकता के समय तुम्हारी सहायता करने के लिए तुम्हारे ट्रांसमीटरों के समान तुम्हारे निकट रहेगा।" क्या यह अच्छा नहीं है? यहाँ आपका बातचीत करने का यन्त्र है। जब आप मिशन पर जाते हैं तो उसका प्रयोग करें। और जब आपको सहायता की जरूरत हो, आप बुलाएँ और वह आपकी सारी आवश्यकताओं को पूरी करेगा। वह आपको सामर्थ देगा। वह आपको बताएगा कि आपके आगे युद्ध में क्या हो रहा है और आपको उसके लिए तैयार करेगा जिसका आप सामना करने वाले हैं। यही वह विचारधारा है जिसके लिए प्रार्थना का प्रयोग वाँछित है।

समस्या एक सवाल है जिसे हम अक्सर कलीसिया में पूछते हैं कि हमें प्रार्थना क्यों करनी चाहिए। हम इसे प्रत्यक्षतः नहीं पूछते हैं, लेकिन हम इस प्रकार जीते हैं कि प्रार्थना इतनी महत्वपूर्ण नहीं है। अतः, हम इस प्रकार जीते हैं जैसे कि हम सवाल पूछ रहे हों कि हमें प्रार्थना क्यों करनी चाहिए। आप जानते हैं मैं क्यों यह सोचता हूँ कि यह सबसे आम सवाल है जो हम पूछते हैं? क्योंकि जब आप टीवी देखते हैं तो आपको प्रार्थना की जरूरत नहीं है, और आपको उस समय प्रार्थना की जरूरत नहीं है जब आप बिना कुछ सोचे इन्टरनेट का प्रयोग करते हैं, और आपको उस समय प्रार्थना की जरूरत नहीं होती है जब आपके मसीही जीवन में कोई खतरा न हो। जब आपका सब कुछ दाव पर न हो तो आपको प्रार्थना की जरूरत नहीं है। आपको प्रार्थना की जरूरत नहीं है जब आप हर सप्ताह नीरस धार्मिक गतिविधियों से गुजरते हैं। उसके लिए आपको प्रार्थना की जरूरत नहीं है। बहनों और भाईयो, यह आप अपने आप कर सकते हैं, और आप इस प्रकार का मसीही जीवन बिता सकते हैं जहाँ प्रार्थना कभी आवश्यक नहीं होती। और हमारी संस्कृति में ऐसा करना संभव है, उद्धार से मृत्यु तक, वास्तव में प्रार्थना की कभी जरूरत न होना।

लेकिन, जब आप यीशु के पीछे चलने के लिए सब कुछ बलिदान करते हैं, जब वह आपकी एकमात्र आशा और आपकी एकमात्र लालसा हो, जब आपने अपनी प्रतिष्ठा और अपना पेशा मसीह की भक्ति के लिए दाव पर लगा दिया हो, जब दिन–रात आपके दिल की इच्छा दूसरे लोगों को मसीह के विश्वास में लाना हो, और जब आपकी आत्मा उन करोड़ों लोगों के लिए दुखती हो जिन्होंने कभी यीशु का नाम नहीं सुना है, और आप उन स्थानों में सुसमाचार को फैलाने के युद्ध में समर्पण कर देते हैं, तब आपको प्रार्थना की जरूरत होती है। आप प्रार्थना पर निर्भर होते हैं। यह बातचीत करने का यन्त्र है जिसे आप हमेशा चालू रखते हैं। आप अब ज्यादा आराम के लिए ऊपर नहीं बुला रहे हैं। आप परमेश्वर की आपूर्ति के लिए बार–बार और बार–बार और बार–बार बुलाते हैं क्योंकि आपका जीवन उस पर निर्भर है।

यदि हम हर सप्ताह, रविवार सुबह और रविवार सुबह और रविवार सुबह जाते हैं और यह केवल एक धार्मिक गतिविधि है, तो प्रार्थना जरूरी नहीं हैं। लेकिन, यदि विश्वास के परिवार के रूप में हम अपनी आत्माओं और उन करोड़ों लोगों की आत्माओं के लिए एक युद्ध में हैं जिन्होंने यीशु का नाम नहीं सुना है, तो प्रार्थना आधारभूत है। तब हमें प्रार्थना की जरूरत है, क्योंकि हम मिशन के लिए समर्पित हैं।

मुझे याद है जब मैं भारत में था, उस शहर में बहुत से मुसलमान थे, कुछ उग्रवादी मुसलमान, और उनमें से बहुतों ने सुसमाचार नहीं सुना था। हम इस मुसलमान पृष्ठभूमि के विश्वासी के साथ कार्य कर रहे थे, जो इस्लाम से बाहर आ गया था और जिसे उसके परिवार ने त्याग दिया था और मसीह के पीछे चलने के लिए उसने सब कुछ खो दिया था। मैं उसके साथ घूम रहा था। जब टीम विभिन्न स्थानों पर होती तो हम जाकर उन स्थानों को देखते जहाँ हमे अगली बार जाना था। मैं उसके साथ मोटरसाईकल पर घूम रहा था, जो आपके प्रार्थना जीवन को उसी समय बढ़ा देगा। जब आप भारत में हो और आप मोटरसाईकल पर पीछे बैठे हों तो आप प्रार्थना करेंगे। आप इस तरह नहीं जाना चाहेंगे। यह वो तरीका नहीं जो आपने सोचा था। हो सकता है कि किसी तरह मिशन क्षेत्र में, लेकिन मोटरसाईकिल पर नहीं। अतः, आप जाते समय प्रार्थना करते हैं।

और जहाँ भी हम जाते, हम रूकते और कहते, "आओ प्रार्थना करें कि हमें इस स्थान में आना चाहिए या नहीं। क्योंकि परमेश्वर जानता है कि वह यहाँ मुसलमानों के बीच क्या कर रहा है, और कुछ लोग हैं जो सुसमाचार के लिए खुले हैं और कुछ सुसमाचार के घोर विरोधी हैं। यदि वे सुसमाचार के विरूद्ध हैं तो हमें सामर्थ के लिए प्रार्थना करने की जरूरत है। हमें सुसमाचार के प्रति खुलेपन के लिए प्रार्थना करने की जरूरत है।" और जिस स्थान पर भी हम गए, हमने रूककर प्रार्थना की, बार–बार और बार–बार और बार–बार। आप जानते हैं क्यों? क्योंकि जब आप भारत में हैं और आप सुसमाचार सुना रहे हैं और यह आपके दिल की चाहत है कि आप मुसलमानों को मसीह के विश्वास में लाएँ तो आपको प्रार्थना की जरूरत है। आप प्रार्थना पर निर्भर होते हैं।

हमारे प्रार्थनारहित होने का कारण यह तथ्य हो सकता है कि हम एक मिशन पर नहीं हैं। वे परमेश्वर की सामर्थ पर निर्भर थे, उन्हें उसके अनुग्रह की अत्यधिक आवश्यकता थी और वे उसके मिशन के प्रति समर्पित थे। उन्होंने कैसे प्रार्थना की? हम इनमें से कुछ को देखेंगे। यहाँ दो बातें हैं। उनकी प्रार्थना में ढ़ाँचा और सहजता थी। उनकी प्रार्थना में ढ़ाँचा और सहजता थी। मेरा मतलब यह है। प्रेरितों के काम 2:42, नये नियम की मूल भाषा कहती है उन्होंने अपने आप को प्रार्थनाओं में लौलीन किया। और बिन्दू यह है कि वे

प्रार्थना में लौलीन थे, परन्तु निश्चित तौर पर इसके बहुत से प्रमाण हैं कि आरम्भिक कलीसिया में उनके प्रार्थना जीवन का एक ढांचा था, विशेषतः जब वे एक साथ मिलते थे। वे पुराने नियम की प्रार्थनाओं को करते थे। यह उनकी इच्छा थी कि वे प्रार्थना करें। अतः, वहाँ ढांचा है, परन्तु वहाँ पूरी पुस्तक में किसी जरूरत के उत्पन्न होने पर उसके लिए प्रार्थना करने की सहजता भी है। अतः, वहाँ दोनों हैं। आरम्भिक कलीसिया में दोनों थे और मैं सोचता हूँ कि हमें भी दोनो की आवश्यकता है।

यहाँ मैं चाहता हूँ कि हम वास्तव में व्यवहारिक बनें कि आज प्रार्थना में लौलीन जीवन कैसे लगते हैं, ढांचागत और सहज। यदि आपका प्रार्थना जीवन केवल सहज है और आप केवल तभी प्रार्थना करते हैं जब कोई आवश्यकता उत्पन्न होती है और उसका कोई ढांचा नहीं है, तो आप कभी उन सारी बातों के लिए प्रार्थना नहीं करेंगे जो परमेश्वर हम से चाहता है। हमें ढांचे की जरूरत है। यदि आपका प्रार्थना जीवन केवल सहजता पर आधारित है, तो हम जल्दी ही छिछले बन जायेंगे। अपने जीवन की विभिन्न बातों के लिए प्रार्थना करने के लिए मैं प्रार्थना डायरी का प्रयोग करता हूँ, क्योंकि मैं जानता हूँ कि यदि मैं इन बातों के लिए प्रार्थना न करूँ तो मैं उन्हें भूल जाऊँगा। इसलिए, मेरे पास इस तरह का ढांचा है। लेकिन यदि हमारे पास केवल यही है, तो हमारा प्रार्थना जीवन शुष्क हो जाएगा। यह एक काम बन जाता है जिसे किसी तरह करना है। और ये दोनों नहीं होने चाहिए। उन्होंने ढांचे के साथ प्रार्थना की और उन्होंने सहजता से प्रार्थना की, और दोनों उस जीवन में प्रतिबिम्बित होते हैं जो प्रार्थना में समर्पित है। क्या यह सही है?

और न केवल यह कि उन्होंने कैसे प्रार्थना की? उन्होंने कब प्रार्थना की? उन्होंने एकाग्र प्रार्थना में भाग लिया और उन्होंने निरन्तर प्रार्थना में भाग लिया। यह दोनों थी, एकाग्र और निरन्तर। प्रेरितों के काम 1, 4 और 12 वे समय हैं जब वे एकाग्रता के साथ प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए थे। आप अनुमान लगा सकते हैं कि वे प्रेरितों के काम 1, 4 या 12 में संभवतः घण्टों तक एकाग्र प्रार्थना के लिए इकट्ठे हुए। बहुत बार हम कहते हैं, हाँ, मैं हर समय प्रार्थना करता हूँ। हमसे यह उम्मीद की जाती है कि हम निरन्तर प्रार्थना करें, और यही मैं करता हूँ। और इसलिए हम यहाँ वहाँ निरन्तर प्रार्थना करते हैं, लेकिन कभी एकाग्रता से प्रार्थना में समय नहीं बिताते हैं। आप कहते हैं, जब मुझे लगता है कि प्रार्थना करनी चाहिए तब मैं प्रार्थना करता हूँ। हमारा प्रार्थना जीवन हमारी भावनाओं पर आधारित नहीं होना चाहिए। हमारा प्रार्थना जीवन इस तथ्य पर आधारित होना चाहिए कि प्रार्थना करना हमारा कर्त्तव्य है जिसका आज्ञा परमेश्वर ने दी है। और इसलिए हम प्रार्थना करते हैं। हम एकाग्रता में समय बिताते हैं।

क्या आपने कभी उन पाँच प्यार की भाषाओं की पुस्तकों को देखा है जिन्हें पति और पत्नी के बीच बातचीत शुरू करने के लिए संबंध गुरू लिखते हैं, वे किस प्रकार की प्यार की भाषाओं के बारे में हैं? आपक प्यार की भाषा क्या है, मेरी प्यार की भाषा क्या है? उनमें से एक प्यार की भाषा समय है। मैं जानता हूँ मेरी पत्नी कैसी है। जब कभी मुझे लगे कि मुझे हेदर को बुलाना चाहिए तो मैं उसे दिन में कई बार फोन करके नहीं पूछ पाऊँगा कि, "प्रिय, तुम्हारा क्या हाल है? क्या तुम्हारा दिन अच्छा रहा?" यदि दिन में कुछ बार मैं ऐसा करूँ, रात को देर से घर आऊँ और सो जाऊँ और अगली सुबह उठकर वैसा ही करूँ और अगले दिन भी वही करूँ, तो वह मेरे घर में एक अच्छे वैवाहिक जीवन के लिए सफल नहीं होगा। समय का होना जरूरी है।

यदि पति या पत्नी के साथ समय बिताना जरूरी है, तो ब्रह्माण्ड के परमेश्वर के साथ यह कितना अधिक जरूरी होगा? 15 मिनट या आधा घण्टा या एक घण्टा या दो घण्टे या आधा दिन या पूरा दिन एकाग्र प्रार्थना में बिताना, और फिर उसके ऊपर निरन्तर प्रार्थना करना। उन्होंने एकाग्रता से प्रार्थना की और निरन्तर प्रार्थना की। बाइबल कहती है "निरन्तर प्रार्थना में लगे रहो।"

उन्होंने कहाँ प्रार्थना की? वे प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए और वे प्रार्थना के लिए बिखर गए। उन्होंने दोनों को किया। प्रेरितों के काम की पुस्तक में हम अधिकाँश समय कलीसिया को प्रार्थना करते हुए देखते हैं, वहाँ वे सामूहिक प्रार्थना में एकत्रित हैं। परन्तु, उदाहरण के लिए, जब हम प्रेरितों के काम 13 में उन्हें उस सामूहिक समय में एकत्रित देखते हैं तो वे उपवास करते हैं, प्रार्थना करते हैं, और वे पौलुस और बरनबास को सेवकाई के लिए भेजते हैं। और अपनी शेष मिशनरी यात्राओं में बिखरे होने पर वे निरन्तर प्रार्थना कर रहे हैं। प्रेरितों के काम 16:6–8 में वे प्रार्थना कर रहे हैं। परमेश्वर कहता है यहाँ जाओ। प्रेरितों के काम 18:9–11 में परमेश्वर कहता है यहीं रहो। प्रेरितों के काम 20:22 में परमेश्वर कहता है वहाँ जाओ। और वे एक साथ प्रार्थना करने के बाद प्रार्थना करने के लिए बिखर रहे हैं। कलीसिया में दोनों को होना चाहिए। एक साथ मिलकर प्रार्थना करना महत्वपूर्ण है, और अगले सप्ताह हम उस पर गहराई से विचार करेंगे। मैं अगले रविवार के लिए बहुत उत्साहित हूँ जब हम कलीसिया में सामूहिक प्रार्थना के महत्व को देखेंगे। और न केवल सामूहिक प्रार्थना बल्कि व्यक्तिगत प्रार्थना भी, दोनों एक साथ। जब आप कलीसिया के इतिहास को देखते हैं, न केवल प्रेरितों के काम की पुस्तक में बल्कि कलीसिया के इतिहास में, जब भी हम परमेश्वर के हाथ के सामर्थी कार्य को देखते हैं, उसे कलीसिया में संगठित और समर्पित प्रार्थना से जोड़ा जाता है।

मैं आपको दो उदाहरण देता हूँ। न्यूयॉर्क शहर, 1857. यह न्यूयॉर्क के शहर में बहुत ही कठिन समय था। केवल कुछ ही महिनों में 30,000 से अधिक लोगों की नौकरी छिन गई थी। यह बहुत ही कठिन आर्थिक समय था। लोग गम्भीर परेशानी में थे। जर्मायाह लैम्पेयर, एक शान्त व्यापारी को, मिशनरी के रूप में चुना गया। उसे मिशनरी के रूप में न्यूयार्क शहर में रखा गया। उसने व्यापारियों के लिए एक निमन्त्रण भेजा जो हर सप्ताह बुधवार दोपहर प्रार्थना के लिए एकत्रित होने के इच्छुक थे। निमन्त्रण भेजा गया। दिन निर्धारित किया गया। पहला बुधवार आता है। वह दोपहर को वहाँ पहुँचकर बैठता है। पाँच मिनट तक कोई नहीं आया। 10 मिनट हो गए, कोई नहीं आया। वह कमरे में चहलकदमी करने लगता है। क्या आज कोई आएगा? 15 मिनट, 20 मिनट, 25 मिनट, 30 मिनट।

अन्ततः, आधे घण्टे बाद वह किसी के कदमों की आहट सुनता है। एक व्यक्ति अन्दर आता है, फिर दूसरा और तीसरा। अन्त में छह लोगों ने शेष आधे घण्टे तक प्रार्थना की। अगले सप्ताह 40 लोग आए। फिर उन्होंने कहा, हमें सप्ताह में केवल एक ही दिन प्रार्थना करने की जरूरत नहीं है। हमें हर दिन प्रार्थना करने की जरूरत है। अतः, उन्होंने रोज प्रार्थना करना शुरू किया। दो महिनों के अन्दर, न्यूयार्क शहर में 10,000 से अधिक व्यापारी हर दिन प्रार्थना के लिए एकत्रित होने लगे, और परमेश्वर अपने आत्मा को उण्डेलने लगा। और लगभग दो वर्षों के अन्दर संयुक्त राज्य की कलीसियाओं में दस लाख लोगों ने मन फिराया क्योंकि कुछ व्यापारियों ने विश्वास किया कि प्रार्थना करना महत्वपूर्ण था। यह हमारा देश, हमारा इतिहास है।

यह थोड़ा हाल ही का है दक्षिणी कोरियाा से जहाँ अनुमान है कि लगभग जनसंख्या का आधा हिस्सा मसीह के विश्वास में आ गया है, परमेश्वर के आत्मा का उण्डेला जाना। पास्टर योंगिचो, मैं चाहता हूँ कि आप सुनें दक्षिण कोरिया का यह पासबान क्या कहता है। पासबान योंगिचो अपनी कलीसिया में 12000 लोगों के प्रति माह मन फिराने की दर का श्रेय————मुझे इसे दोहराने दें। आप में से कुछ लोगों ने सुना मैंने केवल 12000 व्यक्ति प्रति माह कहा। पासबान योंगिचो अपनी कलीसिया में 12000 लोगों के प्रति माह मन फिराने की दर का श्रेय मुख्यतः निरन्तर प्रार्थना को देते हैं। वह हमारे लिए एक बड़ा सप्ताह, एक बड़ा महिना होगा। आपको अगले महिने 12000 लोगों के लिए कितनी सभाओं की आवश्यकता होगी और फिर उसके बाद अगले सप्ताह और महिने? जब आप प्रार्थना करते हैं तो क्या होता है? उन्होंने कहा लोग सारी रात प्रार्थना करते हैं। कई बारे वे लोग रात को जल्दी सो जाते हैं और सुबह 4:00 बजे प्रार्थना करने के लिए एकत्रित हो जाते हैं।

मेरे एक सहकर्मी, न्यू ऑरलेन्स सेमिनारी में साथी अध्यापक, ने कुछ समय कोरिया में बिताया है। उन्होंने कहा एक सुबह 4:00 बजे वह अपने होटल के कमरे में थे, और बाहर एक आवाज ने उन्हें जगा दिया। वे जिस होटल में ठहरे थे उसके पास एक स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि स्टेडियम लोगों से भरा था, और वे सब शोर मचा रहे थे और चिल्ला रहे थे। उसने मन में सोचा, कोरिया में सुबह 4:00 बजे किस तरह का खेल खेला जाता है? उसने उस दिन बाद में पूछा कि क्या हो रहा था, और किसी ने कहा वह कोरिया की कलीसिया थी जो प्रार्थना करने के लिए एकत्रित हुई थी। प्रभु, यदि हम आपके अनुग्रह की खोज में स्टेडियम में एकत्रित होने लग जाएँ तो अल्बामा में क्या होगा? क्या होगा?

ये पासबान कहते हैं कि कोई भी कलीसिया इस तरह की वृद्धि को देख सकती है यदि वे प्रार्थना की कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं। क्या ब्रूक हिल्स की कलीसिया प्रार्थना की कीमत चुकाने के लिए तैयार है? परमेश्वर संगठित होने और प्रार्थना में लौलीन होने में हमारी सहायता करे।

आखरी सवाल जो मैं पूछना चाहता हूँ वह यह कि उन्होंने किस बात के लिए प्रार्थना की? उन्होंने किस बात के लिए प्रार्थना की? यहाँ मैं चाहता हूँ कि हम प्रार्थना के प्रति उनके समर्पण को आरम्भिक कलीसिया के उन तीन अन्य पहलुओं से जोड़ें जिन्हें हम देख चुके हैं। वे प्रेरितों से शिक्षा पाने, संगति करने, रोटी तोड़ने और प्रार्थना करने में लौलीन रहे। प्रार्थना उन सब से कैसे सम्बद्ध थी? सबसे पहले, उन्होंने परमेश्वर के वचन की सफलता के लिए प्रार्थना की। वे प्रेरितों से शिक्षा पाने, वचन में लौलीन रहे, और प्रार्थना उसका आधार थी। और इसे हम पूरे नये नियम में देखते हैं। प्रेरितों के काम, जिसे हमने अभी पढ़ा, प्रभु हमें साहस के साथ अपना वचन बोलने की सामर्थ दे। उन्होंने वचन को उद्धृत किया। उन्होंने भजन 2 से उद्धृत किया और कहा तेरा वचन यह कहता है। अब हमें सामर्थ दे कि हम साहस के साथ तेरे वचन का प्रचार कर सकें। यह वचन का प्रचार था और प्रार्थना जो उसके साथ थी, और प्रार्थना प्रचार की सामर्थ थी। ये दोनों एक साथ चलते हैं। एक के बिना दूसरा नहीं हो सकता है।

यदि हमारे पास प्रार्थना के बिना प्रचार है, तो हम केवल एक धार्मिक गतिविधि में भाग ले रहे हैं। यदि प्रचार के बिना हमारे पास प्रार्थना है, तो हम सुसमाचार को फैलाने से चूक गए हैं। जब आप प्रार्थना और प्रचार को एक साथ रखते हैं, तब आप वचन की सामर्थ को जीवन्त देखते हैं। परमेश्वर, हमारी सहायता कर कि जब हम प्रार्थना करने के लिए एकत्रित हों तो हमारे जीवनों में वचन की सामर्थ फैले और इस कलीसिया में फैले कि लोग उद्धार पाएँ, कि हम कलीसिया के रूप में परमेश्वर को उसकी सम्पूर्ण महिमा में

देखें और अपने जीवनों को उसके मिशन के लिए समर्पित करें। परमेश्वर के वचन की सफलता के लिए दोनों चाहिए।

बात यह है। इसे लिख लें। जब कभी आप परमेश्वर के वचन की सफलता के लिए प्रार्थना करते हैं, यह निश्चित है कि परमेश्वर उत्तर देगा और जो कुछ आप माँगेंगे वह देगा। यह अच्छा है। यह अच्छा समाचार है। कुछ लोग कहते हैं, जब मैं प्रार्थना करता हूँ तो मुझे नहीं लगता कि परमेश्वर उत्तर देता है। परमेश्वर के वचन की सफलता के लिए प्रार्थना करना शुरू करें। सुसमाचार के फैलाव के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि परमेश्वर उद्धार के लिए हमारी आँखों को खोले। पवित्रशास्त्र के वचन लें और कहें, परमेश्वर, आप अपने वचन में कहते हैं कि यह आपकी इच्छा है। मैं प्रार्थना कर रहा हूँ कि यह मेरे जीवन में भी ऐसा ही लगे। यूहन्ना 15:6–7 कहता है, "यदि तुम मुझ में बने रहो, और मेरी बातें तुम में बनी रहें तो जो चाहो मांगो और वह तुम्हारे लिए हो जाएगा।" स्वतः सफलता। परमेश्वर के वचन की सफलता के लिए प्रार्थना करें।

दूसरा, एक–दूसरे की आवश्यकताओं और संसार के लिए प्रार्थना करो। हम जानते हैं कि यह आरम्भिक कलीसिया एक मन और चित्त थी। वे प्रार्थना की इस भक्ति में एक साथ संगठित थे। उन्हें संगठित बनाने वाली बातों में से एक थी, एक–दूसरे की चिन्ता करने की उनकी रीति। वे एक–दूसरे की चिन्ता करते थे क्योंकि वे एक–दूसरे के लिए प्रार्थना करते थे। जब आप लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं, परमेश्वर उन लोगों के लिए अपना दिल आपको देने लगता है। इसने उनके एक साथ रहने की रीति को प्रभावित किया। प्रेरितों के काम 12 में जब वे एकत्रित हुए, वे विशेषतः प्रार्थना कर रहे थे। सामान्य रूप से नहीं। प्रेरितों के काम 12 में वे यह नहीं कह रहे थे, हे प्रभु कहीं कोई जेल में है। नहीं। प्रभु, पतरस जेल में है। हम प्रार्थना करते हैं कि आप उसके जीवन में अपनी सामर्थ और अपनी महिमा को प्रकट करें। उसे जगाएँ। परमेश्वर, उसे बाहर लाएँ जिस से आपकी महिमा प्रकट हो। और एक–दूसरे की आवश्यकताओं और उनके चारों ओर के संसार के लिए प्रार्थना करें।

यदि मैं किसी पुस्तक के बारे में इच्छा करता कि वह कलीसिया के प्रत्येक सदस्य के पास होती, तो वह पुस्तक है ऑपरेशन वर्ल्ड। यह मूलतः संसार के प्रत्येक देश के लिए प्रार्थना की मार्गदर्शक पुस्तक है, जिस में संसार के प्रत्येक देश की आवश्यकताओं के बारे में बताया गया है। यदि आप इस पुस्तक के द्वारा जनवरी में प्रार्थना करना शुरू करें और आप हर दिन प्रार्थना करें और तो दिसम्बर में पहुँचने तक आप संसार के प्रत्येक देश के लिए प्रार्थना कर चुके होंगे। आप ऐसे देशों के लिए प्रार्थना करेंगे जिनके बारे में

आपने कभी सुना भी नहीं। इसमें है कि उस देश में क्या हो रहा है, कैसे लोग मसीह पर विश्वास कर रहे हैं, उस देश के संघर्ष और प्रत्येक देश की प्रार्थना विनतियाँ। कलीसिया, हमारी प्रार्थनाएँ कितनी छोटी हैं। हमारी प्रार्थनाएँ कितनी छोटी हैं। हमारे पास अवसर है कि हम घुटनों से परमेश्वर के उस काम का हिस्सा बनें जिसे वह कम्बोडिया और वियतनाम में कर रहा है, और हम इसे नजरअन्दाज करते हैं।

पिछले सप्ताह, उदाहरण के लिए, अक्टूबर 11 तारीख को आपने सोमालिया के लिए प्रार्थना की होती। और इसमें सोमालिया के बारे में जानकारी है। सोमालिया में लगभग एक करोड़ बीस लाख लोग हैं, 99.9 प्रतिशत से अधिक मुसलमान हैं। 99.9 प्रतिशत मुसलमान, एक करोड़ बीस लाख लोग। यह बताती है कि सोमालिया संसार का सबसे अधिक अराजकता से भरा देश है। सोमालिया के लोग शान्ति और नागरिक व्यवस्था की पुनः स्थापना के लिए निराश हैं। हम इसके बारे में थोड़ा–बहुत समाचारों से और गृह–युद्ध से जानते हैं जो पिछले दशक में वहाँ हुआ। राष्ट्रीय सुधार जरूरी है, परन्तु लोग कष्ट, मृत्यु, अकाल और युद्ध की बर्बरता से सदमे में हैं।

इसे सुनें: 30,000 से अधिक मर चुके हैं, और पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में से 25 प्रतिशत नाश हो गए हैं। पाँच साल से कम उम्र के सारे बच्चों में से, चार में से एक मर चुका है। हम में से कितने लोग सोमालिया के लिए प्रार्थना करते रहे हैं? हम में से कितने लोग सोमालिया के लिए मुँह के बल गिरे? 99.9 प्रतिशत मुसलमानों के देश में सोमाली कलीसिया को भूमिगत कर दिया गया है। इस पुस्तक की छपाई के समय, संसार में सताव की तालिका में सोमालिया का 25वाँ स्थान था, जिसका अर्थ है मसीहियों के लिए 25वाँ सबसे खतरनाक देश। अब यह नम्बर चार पर आ गया है। नम्बर चार। हम में से कितने लोग सोमालिया के भाईयों और बहनों के लिए प्रार्थना करते रहे हैं? अनुमान है कि लगभग 2000 सोमाली मसीही हैं। भुखमरी और अकाल और कष्ट सहते एक करोड़ बीस लाख लोगों के देश में वे 2000 मसीही, क्या आप सोचते हैं कि उन्हें जरूरत है कि अमरीकी कलीसिया उनके लिए प्रार्थना करे?

हे परमेश्वर हमारी सहायता करें कि हम संसार भर में हमारे भाईयों और बहनों की आवश्यकताओं और संसार भर में खोए हुओं की आवश्यकताओं के लिए प्रार्थना करने से चूकने के द्वारा उन्हें अनदेखा न करें। 1 शमूएल 12:23, "यह मुझ से दूर हो कि मैं तुम्हारे लिए प्रार्थना करना छोड़कर यहोवा के विरूद्ध पापी ठहरूँ।" हमारी प्रार्थनाएँ छोटी हैं। हमें एक–दूसरे की जरूरतों और अपने चारों ओर के संसार की जरूरतों के लिए प्रार्थना करने की जरूरत है। मेरा यही सुझाव है। इस पुस्तक की सीडी भी है और बच्चों का संस्करण भी है। आप अपने बच्चों को संसार के लिए प्रार्थना के द्वारा चला सकते हैं।

तीसरा, परमेश्वर के वचन की सफलता, संसार में एक–दूसरे की आवश्यकताएँ और परमेश्वर की आराधना का प्रसार। प्रेरितों के काम की पुस्तक में 36 बार यह बताया गया है कि कलीसिया कैसे बढ़ रही है। इनमें आधे से अधिक बार इसका श्रेय सीधे प्रार्थना, परमेश्वर की आराधना के प्रसार को दिया गया है। हमने रोटी तोड़ने के बारे में बात की। वह कलीसिया में उनकी आराधना का केन्द्र था। और हम देखेंगे कि कैसे प्रार्थना उन सब बातों का आधार थी। उन्होंने विश्वास किया। प्रेरितों के काम 4 में उन्होंने प्रार्थना की। उन्होंने कहा भजन 2 कहता है। वे भजन 2 से उद्धृत करते हैं। भजन 2:8 याद है? "मुझ से मांग और मैं जाति जाति के लोगों को तेरी सम्पत्ति होने के लिए दे दूँगा।" उन्होंने कहा, हे परमेश्वर, हम जानते हैं कि आप अपने पुत्र के द्वारा सारी जातियों में अपनी महिमा की घोषणा करना चाहते हैं। हम यह जानते हैं। इसलिए, हम उसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। वे हबक्कूक 2:14 को जानते थे। यदि आपने कभी हबक्कूक 2:14 नहीं पढ़ा है, तो हबक्कूक में अच्छी बात है। वहाँ यह लिखा है। वहाँ लिखा है कि पृथ्वी यहोवा की महिमा के ज्ञान से ऐसी भर जाएगी जैसे समुद्र जल से भर जाता है। आरम्भिक कलीसिया इसे जानती थी। हे परमेश्वर, आपकी महिमा इस सम्पूर्ण पृथ्वी को ढांप लेगी, और उसी के लिए हम प्रार्थना करेंगे। हम हर दिन प्रार्थना करेंगे कि आप अपनी महिमा को प्रदर्शित करें और आप अपनी महिमा दिखाएँ, आप अपनी महिमा को देखने के लिए आँखों को खोलें और आपकी आराधना सारी जातियों में फैल जाए।

और 11 व्यक्तियों ने अपने आप को इसके लिए समर्पित कर दिया। उससे लगभग सौ से अधिक लोग उनके साथ मिल गए, और 28 अध्यायों में उन्होंने संसार को उलट–पुलट कर दिया। आप यह कैसे कर सकते हैं? आप इसे परमेश्वर की आराधना को प्रसारित करने के जोश और इस बात को देखने के द्वारा करते हैं कि कैसे प्रार्थना वचन की नींव बनती है। प्रार्थना वचन की नींव है, जिस तरह हम एक–दूसरे तक पहुँचते हैं, और प्रार्थना हमारी आराधना की नींव है।

अतीत की मेरी पसन्दीदा कहानियों में से एक डी.एल.मूडी नाम के व्यक्ति के बारे में है। आपने मुझे उनके बारे में बात करते हुए सुना होगा। इस व्यक्ति ने शिकागो शहर में प्रचार किया। परमेश्वर अद्‌भुत रीति से अपने आत्मा को उण्डेलने लगा, लोग मसीह पर विश्वास करने लगे। वह प्रचार करने लगा, जब भी वह प्रचार करता एक बेदारी आ जाती, शिकागो, न्यू इंग्लैण्ड, फिर यूरोप में। उसकी सेवकाई की शुरूआत में––––मैंने हमारे कर्मचारियों की सभा में कर्मचारियों को यह कहानी सुनाई थी। मूडी की सेवकाई की शुरूआत में, एक रविवार को सुबह वह इंग्लैण्ड में था और वह प्रचार कर रहा था। और उसने अपनी डायरी में लिखा यह ऐसे समयों में से एक था जब आप प्रचार करते हैं लेकिन आपको लगता है कि कोई

भी नहीं सुन रहा। प्रचारकों के सामने ऐसे पल आते हैं। जब ऐसा होता है तो यह बहुत नम्र बनाने वाला होता है। ऐसा ब्रूक हिल्स की कलीसिया में कभी नहीं होता, परन्तु अन्य स्थानों पर कई बार होता है, और आप सोचते हैं क्या माइक चालू है? क्या कोई सुन भी रहा है? क्या सब लोग सो रहे हैं? यह उसके लिए ऐसी ही एक सुबह थी।

और उस सुबह सभा के बाद वह चला गया। उसे उस रात वापस आकर प्रचार करना था। वह ज्यादा उत्साहित नहीं था क्योंकि रविवार रात की सभा आमतौर पर रविवार सुबह की सभा से ज्यादा उत्साहपूर्ण नहीं होती है। और वह उस रात इस तरह वापस आया मानो शहर से जाने को तैयार हो। उस रात जब उसने प्रचार किया, उसने कहा कि कमरे में एक अलग ही माहौल था। लोग अपनी कुर्सियों के किनारे पर बैठे थे। वे ध्यान से सुन रहे थे। उसने सुसमाचार सुनाया, सुसमाचार प्रचार किया, और अन्त में उसने कहा, "यदि आप मसीह पर विश्वास करना चाहते है, तो मैं आपको निमन्त्रण देता हूँ कि आप अपनी जगह पर खड़े हो जाएँ।" और पूरे कमरे में लोग खड़े हो गए।

अब मूडी को झटका लगा। रविवार सुबह, कोई नहीं सुन रहा था। रविवार रात, ये सारे लोग खड़े हैं। उसने सोचा, मैंने जो कहा वह उन्हें समझ नहीं आया। अतः, उसने उनसे पुनः बैठ जाने के लिए कहा और दोबारा सुसमाचार सुनाया। फिर उसने कहा, "अब जबकि मैं ने इसे समझा दिया है, यदि आप वास्तव में अपना जीवन मसीह को देना चाहते हैं, तो अपनी जगह पर खड़े हो जाएँ।" इस बार पहले से ज्यादा लोग खड़े हो गए।

मूडी को अब भी विश्वास नहीं हुआ। सच्ची कहानी। उसने कहा, "बैठ जाओ।" उसने फिर से सुसमाचार सुनाया, और उसने कहा, "यदि आप वास्तव में अपना जीवन मसीह को देना चाहते हैं, तो गिरजे के बाहर मुझ से और पासबान से मिलें और वहाँ हम आपको बतायेंगे कि किस प्रकार आप मसीह पर विश्वास कर सकते हैं।" और उन्होंने सभा को समाप्त किया और वे इस कमरे में गए। इसमें केवल खड़े होने की जगह है, पूरा लोगों से भरा है। मूडी को अब भी विश्वास नहीं हुआ। वह एक बार फिर सुसमाचार सुनाता है और फिर कहता है, "अब आखरी बार मैं यह कह रहा हूँ। यदि आप मसीह को अपना जीवन देना चाहते हैं, तो कल रात को दोबारा आकर पासबान से मिलें।" फिर उसने उन्हें विदा किया। अगली सुबह नाव पर चढ़कर वह कहीं और चला गया।

कुछ दिनों बाद उसे एक टेलिग्राम मिला जिसमें पासबान ने कहा, "मूडी, तुम्हे यहाँ आना है। सोमवार रात को रविवार रात से भी अधिक लोग आए थे। हर कोई अपना जीवन प्रभु को देना चाहता है।" मूडी वापस आया और कई सप्ताह प्रचार किया सैंकड़ों लोगों ने मसीह पर विश्वास किया।

अब, मूडी बहुत ही जिज्ञासु व्यक्ति है। वह जानना चाहता था कि रविवार सुबह से रविवार रात तक क्या हुआ। अन्तर क्या था? अतः, उसने कुछ खोजबीन की, और उसने पाया कि उस शहर एक बीमार स्त्री बिस्तर पर पड़ी थी जो अपनी बीमारी के कारण उस सुबह कलीसिया में नहीं आई थी। जब उसकी बहन उसे दोपहर का भोजन देने आई, तो उसने अपनी बहन से पूछा, "आज सुबह की आराधना कैसी थी?" बहन ने कहा, "हाँ, ठीक थी। डी.एल.मूडी नाम के व्यक्ति ने प्रचार किया। यह बहुत उत्साहपूर्ण नहीं था।" बिस्तर पर पड़ी स्त्री की आँखों में चमक आ गई और उसने कहा, "मैं ने इस व्यक्ति के बारे में सुना है। मैं ने एक पत्रिका में उसके बारे में पढ़ा है, और मैं प्रार्थना कर रही थी कि परमेश्वर उसे हमारी कलीसिया में लाए।" उसने कहा, "मेरा खाना हटा दो। मैं शेष दिन उपवास और प्रार्थना करूँगी क्योंकि मुझे विश्वास है कि परमेश्वर इस व्यक्ति के द्वारा अपने आत्मा की सामर्थी बेदारी लाना चाहता है।"

यदि हम सोचते हैं कि हम अपनी सामर्थ और ताकत से कुछ होते हुए देख सकते हैं तो हम मूर्ख हैं। परमेश्वर की सामर्थ और पवित्र आत्मा के बिना हम कुछ नहीं कर सकते। लेकिन, परमेश्वर की सामर्थ के द्वारा और पवित्र आत्मा के द्वारा हम उसके वचन को सफल होते देखेंगे और हम एक–दूसरे की जरूरतों को पूरी होते देखेंगे और हम संसार की जरूरतों को पूरी होते देखेंगे और हम परमेश्वर की आराधना के प्रसार को देखेंगे। हम परमेश्वर से जातियों को देने की प्रार्थना करेंगे। हम उसे इसे इस रीति से करने के लिए कहेंगे कि इसके लिए महिमा केवल उसे मिले। और हम विश्वास करेंगे कि वह तैयार है और अब से लेकर हर दिन ब्रूक हिल्स की कलीसिया की हर जरूरत को पूरा करेगा कि हम उसकी महिमा के लिए संसार पर प्रभाव डाल सकें।

इसीलिए यह प्रार्थना हमारे लिए छोटी पड़ने वाली है, हे परमेश्वर, हमें 10,000 या 20,000 लोगों की कलीसिया बना। बात यह नहीं है। हम चाहते हैं कि परमेश्वर हमारे द्वारा जो काम कर रहा है उसके कारण संसार भर में हर महिने 12,000 लोग मसीह में आएँ। अतः, हम परमेश्वर के आकार की प्रार्थनाएँ करेंगे और विश्वास करेंगे कि इतिहास उन मध्यस्थता करने वालों का है जो परमेश्वर के सम्मुख अपने मुँह के बल गिरते हैं और कहते हैं, हे परमेश्वर, हमें आपके अनुग्रह की अत्यधिक आवश्यकता है और हम आपके मिशन के लिए समर्पित हैं। हे परमेश्वर, इसे हमारे द्वारा दिखा। अपना व्यक्तित्व दिखा। अपना चरित्र दिखा।

अपनी महिमा दिखा। इसे हमारे द्वारा कर। हे परमेश्वर, जातियाँ हमें दे, और इसे इस तरह करें कि महिमा केवल आप ही को मिले। हम यही प्रार्थना करेंगे। और परमेश्वर ने इसका उत्तर देने का वायदा किया है। क्यों न हम अपने आप को प्रार्थना में लौलीन करें?

और यहाँ हमारे लिए मेरी चुनौती है। न कि उन्होंने अपने आप को प्रार्थना में लौलीन किया, बल्कि हम अपने आप को प्रार्थना में लौलीन करें। मैं इस सप्ताह ब्रूक हिल्स की कलीसिया में एक सप्ताह की प्रार्थना के लिए बुलाना चाहता हूँ। मैं आपको तीन चुनौतियाँ देना चाहता हूँ, और मैं चाहता हूँ कि मसीह के अनुयायी इन तीनों चुनौतियों को ग्रहण करें। इसका आने वाले सप्ताह पर बहुत बड़ा प्रभाव होगा।

पहली चुनौती हैः प्रत्येक दिन, हर दिन पवित्रशास्त्र का एक वचन याद करें और प्रार्थना करें। इससे मेरा यह मतलब है। हमने देखा कि जब हम परमेश्वर के वचन के अनुसार प्रार्थना करते हैं तो उसने सफलता देने का वायदा किया है। इसलिए, मैं चाहता हूँ कि आप अपने जीवन को देखें। और आप एक ही वचन को हर दिन या प्रतिदिन अलग–अलग वचनों का प्रयोग कर सकते हैं। अपनी परिस्थितियों को देखें, और मैं चाहता हूँ कि आप पवित्रशास्त्र का एक वचन खोजें जो आपके जीवन की परिस्थिति से बात करे और मैं चाहता हूँ कि आप पूरे दिन अपनी प्रार्थना को ऊर्जा देने के लिए उस वचन का प्रयोग करें।

जैसे, यदि आप अपने जीवन में कुछ बातों से संघर्ष कर रहे हैं और आपको बहुत ठेस लगी है, तो भजन 46:1 याद करें, "परमेश्वर हमारा शरणस्थान और बल है, संकट में अति सहज से मिलने वाला सहायक।" उसे याद करें और पूरे दिन उस पर प्रार्थना करें। हे परमेश्वर, अपने शरणस्थान के रूप में मैं आप पर भरोसा करता हूँ। परमेश्वर, मेरे शरणस्थान के रूप में अपने आप को सामर्थी प्रकट करें। आज मुझे सामर्थ दें। यह प्रार्थना है जिसे अपने वचन के द्वारा देने का परमेश्वर ने वायदा किया है। क्या इसका कोई मतलब है, पवित्रशास्त्र के एक वचन पर पूरे दिन हर दिन प्रार्थना करना? शायद आप सात अलग–अलग वचन याद करेंगे। यह अच्छा होगा। हो सकता है आप एक ही वचन पर बार–बार ठहरे रहें। परन्तु पवित्रशास्त्र के वचन पर प्रार्थना करें और इसे याद करें ताकि यह आपके दिल और मन में रहे, और हर दिन पूरे दिन इस पर प्रार्थना करें।

दूसरी चुनौती है प्रतिदिन स्थानीय और वैश्विक आवश्यकताओं के लिए प्रार्थना करने हेतु इस सप्ताह ढांचागत, एकाग्रता का समय अलग करें। आप में से कुछ लोग पहले से ही ऐसा करते हैं और आप पहले से ही हर दिन एक घण्टा या कुछ घण्टे इस प्रकार की प्रार्थना में बिताते हैं। शायद आप पहले से ही ऐसा

करते हैं। परन्तु यदि नहीं, तो केवल इस सप्ताह के लिइस सप्ताह से शुरू करें। बड़े सपने न लें कि आप इस साल के शेष समय में प्रतिदिन चार घण्टे प्रार्थना करेंगे। वह अच्छा होगा। मैं सोचता हूँ वह अद्भुत होगा। परन्तु हम केवल इस सप्ताह पर ध्यान दें। और हर दिन स्थानीय और वैश्विक आवश्यकताओं के लिए एकाग्र प्रार्थना का समय निर्धारित करें।

और फिर मेरी तीसरी चुनौती वह है जिसके बारे में हम अभी बात कर रहे थे। मैं चाहता हूँ कि हम कलीसिया के रूप में प्रार्थना करना शुरू करें, और वह प्रार्थना हैः प्रतिदिन प्रार्थना करना शुरू करें, हे परमेश्वर, हमें जातियाँ दे और इसे इस तरह करें कि महिमा केवल आप को मिले। क्या यह एक अच्छी प्रार्थना है जिसे हम एक साथ मिलकर करें? जब हम अलग हों तो प्रतिदिन यह प्रार्थना करें। और फिर एक साथ एकत्रित हों और अगले सप्ताह, और उसके बाद अगले सप्ताह, और उसके बाद अगले सप्ताह एक साथ यह प्रार्थना करें, और भरोसा करें कि परमेश्वर हमें जातियों को इस प्रकार देना चाहता है जिससे महिमा केवल उसे मिले। प्रार्थना अच्छी बात है!